त्रि-भाषा फार्मूला में किसी प्रकार के परिवर्तन को लाने का इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है।

अलीगढ़ में अनाज क्रय केन्द्र

120. **श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या अलीगढ़ जिले में पिछले वर्ष की भांति इस बार अनाज क्रय केन्द्र नहीं खोले गए है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या गत वर्ष और इस वर्ष विभिन्न सरकारी एवं सहकारी एजेंसियों द्वारा खोले गए ऐसे केन्द्रों की सूची सभा पटल पर रखी जाएगी?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री प्रकाश सिंह बादल) : (क) और (ख) : उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि 1977-78 के दौरान अलीगढ़ जिले में 90 क्रय केन्द्र खोले गए हैं जबकि पिछले वर्ष 106 केन्द्र खोले गए थे। उत्पादक पर लेवी बन्द करने के कारण इस वर्ष कम सख्या में केन्द्र खोले गए है। दो वर्षो के दौरान खोले गए क्रय केन्द्रों का व्यौरा विवरण 1 और 2 मे दिया गया है, जो सभा पटल पर रखा गया है [ग्रन्थालय म रखा गया **देखिए** संख्या **एल टी**—299/77)]

अलीगढ़ म समाज कल्याण योजनाएं

121. **श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) अलीगढ़ जिले में उनके मंत्रालय की कौन कौन सी मुख्य समाज कल्याण योजनाएं चल रही हैं, उन में कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं तथा अब तक उनकी क्या उपलब्धियां रही हैं; और

(ख) क्या इन योजनाओं को राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा हैं और यदि हां, तो उसमे उसका कितना अंश है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्दर) : (क) और (ख) : एक विवरण पत्र जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है, सभा पटल पर रखा गया है [ग्रन्थालय में रखा गया **देखिए** संख्या एल टी 300/77]

गेहूं की पदावार

122. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :**

श्री डी० डी० देसाई : क्या **कृषि और सिचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या इस वर्ष गेहुं की पैदावार गत तीन वर्षा की तुलना मे कम हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस वर्ष कितनी मात्रा में पैदावार कम हुई ;

(ग) कम पैदावार होने के क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार क्या उपचारात्मक कदम उठाने का विचार कर रही है ?

कृषि और सिचाई मंत्री (श्री प्रकाश सिंह बादल) : (क) से (घ) : गेहूं का उत्पादन करने वाले सभी राज्यों से अभी तक उत्पादन के अनुमान प्राप्त नहीं हुए हैं। तथापि वर्तमान संकेतों के अनुसार 1976-77 के दौरान गेहूं के कुल उत्पादन में पिछले वर्ष के 283.4 लाख मीटरी टन के रिकार्ड स्तर से अधिक अंतर होने की आशा नहीं है। 1974-75